58

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–87/2025 3080 /पटना, दिनांक– 11.3.26

संवेदक **Shreshth Nirman India Pvt. Ltd. (Registration No. 3160348) At-Kanchanpur, P.S-Rohtas Dist-Sasaram Bihar Pincode 821115** को कार्य प्रमंडल, मसौढ़ी के अधीन **MMGSY (SC)** योजनान्तर्गत **Damura Dhumaul Bujurg Path to Makhdumpur** पथ निर्माण कार्य एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः– **44/SBD/2017-18** के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 05.07.2017 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 04.01.2018 था।

संदर्भित पथ के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संबंधित संवेदक द्वारा पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने एवं दिनांक 27.05.2018 को स्वतंत्र अभियंता द्वारा लगाये गये **ATR** का निराकरण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मसौढ़ी द्वारा उक्त पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य एवं **ATR** का निराकरण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मसौढ़ी के सकारण आदेश ज्ञापांक 284 दिनांक 24.02.2023 द्वारा एकरारनामा संख्याः– **44/SBD/2017-18** को विखंडित करते हुए संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 2638 दिनांक 22.05.2023, पत्रांक 5998 दिनांक 12.06.2025, पत्रांक 7867, पत्रांक 21.07.2025 एवं पत्रांक 9191 दिनांक 27.08.2025 द्वारा संवेदक **Shreshth Nirman India Pvt. Ltd. (Registration No. 3160348)** से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मसौढ़ी के पत्रांक 462 अनु0 दिनांक 26.02.2026 द्वारा उल्लेखित किया गया कि संदर्भित पथ का एक भी पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि का मापी, मापीपुस्त में दर्ज नहीं है। मापीपुस्त के अवलोकन से प्रतीत होता है कि उक्त पथ में उक्त समय में संबंधित संवेदक द्वारा नहीं की गई है।

तद्‌लोक में संदर्भित पथ **RRSMP** योजनान्तर्गत वर्त्तमान में एकरारनामा संख्या– **04/CMBD/25-26** द्वारा पुनः एकरारित है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक **Shreshth Nirman India Pvt. Ltd. (Registration No. 3160348) At-Kanchanpur, P.S-Rohtas Dist-Sasaram Bihar Pincode 821115** के निबंधन संख्याः–**3160348/3190570, PAN No. AAKCS0183M** को अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

10.03.26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

P.T.O

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–87/2025 3080 /पटना, दिनांक– 11.3.26

प्रतिलिपि– संवेदक **Shreshth Nirman India Pvt. Ltd. (Registration No. 3160348) At-Kanchanpur, P.S-Rohtas Dist-Sasaram Bihar Pincode 821115** को सूचनार्थ प्रेषित।

10.03.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–87/2025 3080 /पटना, दिनांक– 11.3.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.03.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–87/2025 3080 /पटना, दिनांक– 11.3.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10.03.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–87/2025 3080 /पटना, दिनांक– 11.3.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.03.26
अभियंता प्रमुख

Website

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–87/2025 3080 /पटना, दिनांक– 11.3.26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

10.03.26
अभियंता प्रमुख